गोविंदपुरम स्थित गुरु रामराय स्कूल में आयोजित माइक्लीन गाजियाबाद कार्यक्रम के तहत लोगों को सफाई के प्रति फूल देकर जागरूक करती छात्राएं।

**गाजियाबाद, जागरण संवाद केंद्र :** पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तभी इंसान स्वस्थ रहेगा। पर्यावरण के प्रति कुछ इसी तरह की महत्वपूर्ण जानकारी गुरु राम राय स्कूल में दिशा फाउंडेशन की ओर से चल रहे कार्यक्रम के तहत दी गई। कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया।


सीएस दिशा फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे 'माई क्लीन गाजियाबाद द फ्लोवर सिटी' के कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विद्यार्थियों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के बारे में जानकारी दी। फाउंडेशन की अध्यक्ष उदिता त्यागी ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के रक्षक हैं। इस लिए इन्हें प्यार और संरक्षण की अधिक आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर स्कूल के आस पास पड़ी गंदगी को हटवाया। इस मौके पर छात्राओं ने स्कूल के पास रह रहे स्थानीय निवासियों को फूल देकर उनसे गंदगी न फैलाने ओर पौधेरोपण करने की अपील की। करीब दो सौ विद्यार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।


MY CLEAN SCHOOL
& MY CLEAN GHAZIABAD
Prosperity of Beauty through community
SANSKAR









संस्कार द को एजुकेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते बच्चे। जागरण

# पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलवाई

**गाजियाबाद, जासंके :** संस्कार द को एजुकेशन स्कूल में मंगलवार को 'मेरा विद्यालय और मेरा स्वच्छ गाजियाबाद' विषय पर कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम में सीएस दिशा फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. उदिता त्यागी व एनके गर्ग ने बच्चों को पर्यावरण को संरक्षित करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर उदिता ने कहा कि पर्यावरण को बचाने की बेहद जरूरत है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो मनुष्य का जीना भी मुश्किल हो जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन अमित गुप्ता तथा डायरेक्टर स्वाति गुप्ता ने अतिथियों को पौधे भेंट किए। प्रधानाचार्य सुरेखा सिंह पुंडीर ने कहा कि बच्चों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। बच्चों को घर व स्कूल में सफाई की ध्यान रखना चाहिए।

# पर्यावरण स्वच्छ रखने की शपथ ली

**गाजियाबाद।** बुलंदशहर औद्योगिक एरिया स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में सीएस दिशा फाउंडेशन की ओर से मेरा स्वच्छ विद्यालय-मेरा स्वच्छ गाजियाबाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 500 से ज्यादा छात्रों ने भाग लेते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने की शपथ ली।

छात्रों को पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त रखने व स्वच्छता से जुड़ी हुई कई जानकारियां दी गई। वहीं बच्चों ने भी लघुनाटिका के जरिए पर्यावरण को स्वच्छ करने के लाभों को मनमोहक अंदाज में बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर के एमडी एनके गर्ग, सीएस दिशा फाउंडेशन की फाउंडर प्रेसीडेंट डा. उदिता त्यागी ने किया। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्कूल के वाइस चेयरमैन अमित गुप्ता, डायरेक्टर स्वाति गुप्ता आदि मौजूद थे।



**बुलंदशहर रोड स्थित सुंदरदीप ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सुंदरदीप ग्लोबल स्कूल में दिशा फाउंडेशन द्वारा गाजियाबाद क्लीन ग्रीन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को फूलों का शहर बनाने के लिए साफ-स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान फाउंडेशन अध्यक्ष उदिता त्यागी, स्कूल के चेयरमैन अमित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।** *Photo-DLA*

# पर्यावरण स्वच्छ रखने की अपील


गाजियाबाद। संस्कार द स्कूल में मंगलवार को 'माई क्लिन गाजियाबाद प्रोजेक्ट' के तहत बच्चों ने लघु नाटिका पेश कर पर्यावरण को स्वच्छता का संदेश दिया। एनकेजी ईन्फ्रास्ट्रक्चर के एमडी एनके गर्ग ने सबको पर्यावरण स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। इस दौरान डा. उदिता त्यागी भी मौजूद रहीं।

# *Cleanliness and Plantation Drive*
# *Guru Ram Rai School*















हार्दिक धन्यवाद
सन्तोष यादव
अमित यादव





























# *Jainmati Inter College*













X-A





# युवाओं ने किया माई क्लीन सिटी गाजियाबाद का ऐलान

AUGUST 23, 2012 ADMIN NO COMMENTS



गाजियाबाद : अब पूरे विश्व की निगाहे ग़ाज़ियाबाद पर माय क्लीन वर्ल्ड एवं माय क्लीन इंडिया के अंतर्गत चलाये जा रहे "माय क्लीन ग़ाज़ियाबाद – द फ्लोवेर सिटी " प्रोजेक्ट में शहर को क्लीन और ग्रीन बनाने के प्रयास चल रहा है। इसी कवायद में पी सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल और श्री गुरु रामराय सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल, गोविंदपुरम, ग़ाज़ियाबाद आस पास सम्पूर्ण सफाई अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोज़न किया गया.

"माय क्लीन ग़ाज़ियाबाद – द फ्लोवेर सिटी " प्रोजेक्ट का संचालन कर रही मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाईड डा उदिता त्यागी ने बताया की ग़ाज़ियाबाद को 'माय क्लीन इंडिया' प्रोजेक्ट के लिए पायलेट प्रोजेक्ट चुन लिया गया है।

कार्यक्रम के दौरान प्रोजेक्ट की संचालिका और सी एस दिशा फाउन्डेशन की अध्यक्षा डॉ उदिता त्यागी ने पहल की। साथ में स्कूली बच्चों ने सडकों पर उतर कर
गंदगी और कूडे के ढेरों को साफ़ किया. उन्होंने और बच्चों ने आस पास के लोगों को फूल भी दिए और गन्दगी फ़ैलाने
के दौरान बोलते हुए डॉ त्यागी ने कहा की इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य है, "समाज के सहयोग से पर्यावरण की सुन्दरता और
सम्पन्नता" और इस के माध्यम से वो समाज और ख़ास कर बच्चों में सफाई के प्रति जागरुकता फैलाना चाहती हैं. डो
त्यागी पिछले 4 सालों से समाज सेवा से जुडी हुई हैं और युवा छात्रों की स्वावलंबन की दिशा में काम कर रही हैं.

त्वरित कार्यवाही बल भेजने के लिए नगर निगम का बहुत धन्यवाद किया और कहा कि अपने ग़ाज़ियाबाद को वास्तव में फूलों के शहर में बदलने जो बीड़ा उन्होंने उठाया है वह नगर निगम के सहयोग के बिना पूरा नहीं हो सकता.

आयोजक डा उदिता त्यागी ने बताया कि पूरे शहर को १० ज़ोन्स में बाँट दिया है ,हर ज़ोन की अगुवाई ३० कॉलेज के स्टुडेंट्स की एक टीम करेगी। हर ज़ोन में आने वाले स्कूलों के बच्चो का नेतृत्व कॉलेज की टीम करेगी। इस अभियान में सफाई ,लोगों में सफाई के प्रति जागरुकता और वृक्षारोपण शामिल है।इस अवसर पर पी सी सीनियर सैकेंडरी स्कूल एवं श्री गुरु रामराय सीनियर सैकेन्ड्री स्कूल के छात्रों ने सफाई करमचारियों का फूल माला पहनाकर उनका धन्यवाद् भी व्यक्त किया।

# *Cleanliness and Plantation Drive*



*S.S.D.Jain Public School*












S.K. FINANCIAL CONSULTANTS




मॉस खाता है,
झूठ, छल, कपट द्वारा
मद्य सेवन, वेश्यागम
सात व्यसन है




PHYSICS




Rotary


Rotary International
Rotary Club of Indirapuram Pariwar


Rotary International
Organises a camp for
free distribution of wheel chairs
26th AUGUST 2012, at JKG School




Rotary



एसएसडी जैन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को शपथ दिलातीं एसपी ट्रैफिक किरण यादव व डॉ. उदिता त्यागी।

# इंदिरापुरम में बांटीं वीलचेयर्स

A.S.



**एनबीटी न्यूज ॥ इंदिरापुरम :** इंदिरापुरम के जेकेजी इंटरनैशनल स्कूल में रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम की ओर से विकलांगों को वीलचेयर्स बांटी गईं। क्लब के डायरेक्टर सुदीप्ता कुमार पाल ने बताया कि 6 महीने में क्लब ने कई ब्लड डोनेशन कैंप व अन्य आयोजन किए हैं। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट ट्रेनर मुकेश अरनेजा थे। इस मौके पर अनु लांबा, असिस्टेंट गवर्नर जे. के. गौड़ के साथ नोएडा, वैशाली और गाजियाबाद रोटरी क्लबों के अध्यक्ष मौजूद थे।

लगाया गया लिंक सिस्टम 4 दिन से खराब पड़ा है। इससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक ओ. पी. शर्मा का कहना हैं कि लिंक सिस्टम में 23 अगस्त से खराबी आई है, जिसे टेक्निकल टीम ठीक करने में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि सिस्टम पूरी तरह से खराब नहीं है, लेकिन उसका लिंक कभी-कभी टूट जाता है। जल्द ही, उसे दुरुस्त कर दिया जाएगा।

# तो कूड़ाघर बन जाएंगे शहर

**नई दिल्ली | हरिकिशन शर्मा**

**इतवारी खास**

सरकारी रवैया अगर नहीं सुधरा तो अगले 20 सालों में भारत के शहर कूड़े-कचरे के ढेरों के बीच नजर आएंगे। साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त न होने पर प्रतिदिन 109 अरब लीटर सीवेज साफ किए बगैर ही गंगा-यमुना सहित देश की अन्य नदियों में बहेगा। भारतीय शहरों के बारे में यह तस्वीर किसी और ने नहीं बल्कि खुद योजना आयोग ने खींची है।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना के लिए शहरी विकास से संबंधित एक रिपोर्ट में आयोग का कहना है कि विकास को लेकर सरकारी रवैया और चाल धीमी है। अगर हालात ऐसे ही बने रहे तो 2030 में शहरी सेवाओं की गुणवत्ता बेहद खराब हो जाएगी। मसलन, 2030 में पानी की जरूरत प्रतिदिन 189 अरब लीटर होगी, जबकि उस समय उपलब्धता मात्र 95 अरब लीटर ही होगी। इसी तरह उस दौरान शहरों में पांच करोड़ सस्ते मकानों की जरूरत होगी, लेकिन उपलब्ध मात्र 1.20 करोड़ मकानों की होगी। ऐसे में 3.80 करोड़ मकानों की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में शहर की ऊंची इमारतें झुग्गी-झोपड़ियों के बीच नजर आएंगी।

योजना आयोग में शहरी मामलों के प्रभारी सदस्य अरुण मैरा के अनुसार, शहरी सेवाओं की खस्ताहालत होना स्वाभाविक है क्योंकि फिलहाल सिर्फ जीडीपी की वृद्धि दर पर जोर दिया जा रहा है। विकास दर ऊंची रहने के बावजूद शहरी सेवाओं में बेहतरी अब तक नहीं आई है। इसका मतलब है कि हमें विकास के मॉडल पर फिर से विचार करने की जरूरत है। जब तक हम शहरों में ढांचागत सुविधाओं के विकास का काम तेज नहीं करेंगे तब तक स्थिति सुधरने वाली नहीं हैं।



### नहीं सुधरे तो 2030 में बदतर होंगे हालात

- वर्ष 2030 में प्रतिदिन 42 अरब लीटर सीवेज ट्रीट करने की क्षमता होगी जबकि उस समय सीवेज 151 अरब लीटर प्रतिदिन होगा। इस तरह कम से कम 109 लीटर सीवेज ट्रीट किये बिना ही शहरों से बाहर निकलेगा।
- शहरी विकास पर अगर जोर नहीं दिया गया तो ज्यादातर शहरों में ट्रैफिक जाम आम समस्या हो जाएगी। क्योंकि 9.80 लाख किलोमीटर सड़क की जरूरत पड़ेगी जबकि उपलब्ध मात्र 5.4 लाख किलोमीटर ही होगी।

**37.7** करोड़ है 2011 की जनगणना के अनुसार शहरों की आबादी

**7935** है शहरों और कस्बों की संख्या

**53** शहर ऐसे हैं जहां की आबादी दस लाख से अधिक

**60** करोड़ हो जाएगी वर्ष 2031 तक शहरी क्षेत्रों में आबादी

**87** मेट्रोपोलिटन सिटी होंगे देश में

| 9.80 | 5.4 |
|---|---|
| लाख किलोमीटर सड़क की पड़ेगी जरूरत | लाख किलोमीटर मात्र ही होगी उपलब्ध |

# एसएसडी स्कूल के स्टूडेंट्स ने लगाए पौधे

**प्रमुख संवाददाता ॥ कविनगर**

A.S.



**एसएसडी जैन** पब्लिक स्कूल में शनिवार को पर्यावरण बचाओ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण का महत्व बताते हुए कविताओं और भाषण से अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल के बाहर पौधे लगाए और पर्यावरण बचाने के लिए रैली निकाली। एसपी ट्रैफिक किरन यादव ने छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई कि वह पर्यावरण की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे। इस मौके पर उदिता त्यागी, प्रबंधक समिति के अध्यक्ष जे. पी. जैन, सचिव अजय जैन, प्रिंसिपल लता चंद्रा आदि मौजूद रहे।

# *Vivekanand Shishu Mandir*















अमर उजाला नई दिल्ली। सोमवार। 20 अगस्त 2012

गाजियाबाद हॉट सिटी 7

# इंटरटेनमेंट के साथ स्ट्रेस रिलीफ टिप्स

- अमर उजाला रूपांतरण हेल्थ काउंसलिंग कार्यक्रम
- महिलाओं ने लिए हेल्थ टिप्स और विशेष सलाह

अमर उजाला ब्यूरो

गाजियाबाद। अंदाज चुटीला, स्टीक बात और माहौल खुशनुमा। मौका था अमर उजाला रूपांतरण हेल्थ काउंसलिंग का। कार्यक्रम में करीब तीन सौ महिलाओं ने भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ली। सलाह संग महिलाओं ने खूब ठहाके भी लगाए।

कार्यक्रम का शुभारंभ जलाधिकारी अपर्णा उपाध्याय, मिसेज इंडिया इंटरनेशनल उदिता त्यागी, जीपीएस की डायरेक्टर कृष्णा यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। शुरुआत में ही एंकर नितिन और हिना ने महिलाओं को पिछले कार्यक्रम में छूटे गेम की याद दिलाई। इसके बाद म्यूजिक के साथ बाल महिलाओं में घूमने लगे। पहली बार बाल बबीता के हाथ में थमी और दूसरी कनिका के दोनों ही मंच पर आए और फिर एक नया गेम शुरू हो गया। कनिका और बबीता को दूसरी ओर घुमाकर बाल को महिलाओं के बीच छुपाने के लिए उछाल दियागया।

बबीता और कनिका को बाल तलाशने को कहा गया। इस गेम में जहां कनिका फेल हुई वहीं बबीता ने बाल छुपाने वाली महिला को पहचान लिया। कुछ ऐसे रोमांच के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा।



कार्यक्रम के दौरान पहुंची मिसेज इंडिया इंटरनेशनल उदिता त्यागी



अमर उजाला रूपांतरण कार्यक्रम में महिला को जानकारी देते हुए डा. बीपी त्यागी।



जीपीएस में हुए कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।



**खूब चले सवालों के भी दौर**

कार्यक्रम के दौरान सवाल-जवाब के भी खूब दौर चले। महिलाओं ने डॉक्टरी परामर्श के बाद विभिन्न विषयों से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं के संबंध में उनसे सवाल पूछे। डॉक्टरों की टीम ने भी उनके इन सवालों का संतोषजनक जवाब दिया।

## हेल्दी डाइट, हेल्दी हैबिट के टिप्स दिए

हर्ष पोलीक्लीनिक से डा. बीपी त्यागी की अध्यक्षता में आई डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं को स्ट्रेस से बचने, हेल्दी डाइट, हेल्दी हैबिट, चाइल्ड केयर, डेंटल केयर, फिजियोलॉजिकल ट्रीटमेंट, बेहतर एक्सरसाइज और स्पीच थेरेपी आदि की जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मदर डेयरी, सीकॉड कंपनी, कैट ऑरो, नूजेन गोल्ड, हर्ष पोलीक्लीनिक और गाजियाबाद पब्लिक स्कूल का विशेष सहयोग रहा।

### डॉक्टरों का पैनल

डा. बीपी त्यागी, डा. पारुल गुप्ता, डा. अरविंद डोगरा, डा. नियति धवन, डा. एम जॉहन, डा. हेमंत, डा. गीतांजलि गुप्ता, डा. लवनीत मल्होत्रा। कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टरों की टीम ने अमर उजाला रूपांतरण की सदस्य महिलाओं को विभिन्न विषयों से संबंधित सटीक जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न बीमारियों के प्रति सचेत रहने की भी सलाह दी।

### जागरुकता के लिए बेहतर प्रयास : डीएम



डीएम अपर्णा उपाध्याय ने आयोजन के लिए अमर उजाला समूह की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं को हेल्थ के प्रति जागरूक करने के लिए अच्छी पहल है। डीएम ने कहा कि वर्किंग वूमेन अक्सर स्ट्रेस की शिकार हो जाती हैं। परिवार की हेल्थ को लेकर टेंशन रखने वाली महिलाएं खुद को बिल्कुल भूल जाती है। ऐसे मंच से रोमांच के साथ हेल्थ जागरूकता बढ़ती है। डीएम ने कहा कि ऐसे प्रोग्राम से महिलाएं खुद के प्रति सजग होंगी।

### बार-बार हों ऐसे आयोजन

रेणु मित्तल ने कहा कार्यक्रम बहुत ही अच्छा था। वहीं राजेंद्रनगर से आई मृदुला सिंह का कहना था कि ऐसे कार्यक्रम आज की जरूरत भी है। हेमलता राजपूत का कहना था कि एक मंच पर एक साथ इतने विशेषज्ञ डॉक्टरों से इतना कुछ जानने को मिला यह बड़ा अचीवमेंट है। तूलिका, कनिका, पूनम, काजल, मिथलेश आदि ने कार्यक्रम को सराहा।



हेमलता तूलिका काजल मिलन मृदुला रेणु पुनम कनिका




Before

After









कक्षा-२



क ख ग का खेल
निराला






सामाजिक सहयोग से स्वच्छता और समृद्धि
My Clean INDIA
माई क्लीन इंडिया





# रैली से बच्चों को शिक्षित करने की अपील




डासना में स्कूल चलो रैली में भाग लेतीं छात्राएं। जागरण

**जासंकें, गाजियाबाद :** डासना में स्कूल चलो अभियान की ब्लॉक स्तरीय रैली निकाली गई। क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों ने रैली में भाग लिया और लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। मंगलवार को आजाद मैमोरियल इंटर कॉलेज से क्षेत्र के 12 से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

ब्लॉक रजापुर की महारैली डासना के विभिन्न मार्गों से होती हुई उस्मान गढ़ी के परिषदीय विद्यालय में समाप्त हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि सीडीओ विनोद कुमार यदुवंशी ने शिक्षक शिक्षिकाओं व लोगों से रैली को सफल बनाने की अपील की। माई क्लीन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर उदिता त्यागी ने बताया कि उन्होंने रजापुर के छह विद्यालयों को गोद लिया है। प्रथम चरण में छह स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रवेश यादव ने शत प्रतिशत नामांकन करने के सुझाव दिए। इस मौके पर पूनम शर्मा, एसके मिश्रा, मौ. असलम, राज लक्ष्मी, मौ. शकील आदि मौजूद थे।

# डासना में स्कूल चलो रैली से लोगों को किया जागरूक










डासना। शिक्षा के माध्यम से जीवन में फैले अंधकार को मिटाया जा सकता है। शिक्षा मनुष्य को स्वावलम्बी बनाती है, शिक्षा के माध्यम से मनुष्य एक स्वच्छ समाज की कल्पना कर सकता है। यह कहना है मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार यदुवंशी ने स्कूल चलो रैली को हरी झंडी दिखाने के दौरान उपस्थित लोगों से कही। स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत निकाली गई रैली में श्री यदुवंशी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। डासना स्थित आजाद मैमोरियल इंटर कॉलेज से शुरू हुई स्कूल चलो रैली में 15 सौ छात्रों ने हिस्सा लिया। आजाद इंटर कॉलेज से शुरू हुई रैली डासना देहात और कस्बे से होती हुई वापस कॉलेज पहुंचकर समाप्त हुई।

रैली के दौरान बीएसए प्रवेश कुमार यादव ने कहा कि सभी बच्चों का पहला धर्म शिक्षा ग्रहण करनी होती है। बच्चों के माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजना चाहिए।

रैली के दौरान मिसेज इंटरनेशनल 2012 एवं माइक्लीन इंडिया की ब्रांड एम्बेसडर उदिता त्यागी ने बताया कि उनके संगठन ने ब्लॉक रजापुर के स्कूलों को गोद लिया है। प्रथम चरण में छह स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ पैदल मार्च किया। इस मार्च में उनके साथ पोलियो उन्मूलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एसके मिश्रा, मुनीश्वर गुलाटी, वंदना चौधरी, संदमा त्यागी, डासना नगर पंचायत के चेयरमैन साजिद हुसैन भी थे। रैली संयोजक पूनम शर्मा और ब्लॉक रजापुर के वरिष्ठ एबीआरसी, मौहम्मद असलम की देखरेख में निकाली गई।

# प्रत्येक बच्चा स्कूल तक पहुंचे : सीडीओ



**मसूरी (ह.सं)।** मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार (सीडीओ) ने कहा कि रैली के माध्यम से ऐसा प्रचार किया जाये कि पैरेंट्स अपने बच्चों को लेकर खुद-ब-खुद स्कूलों की ओर दौड़े चले आयें। उन्होंने बेसिक शिक्षा से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक बच्चा स्कूल तक पहुंचे, तभी इस रैली का कोई लाभ होगा। आजाद मैमोरियल इंटर कालेज डासना के मैदान से शुरू होने वाली रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर माई क्लीन इंडिया की ब्रांड अंबेसडर एनजीओ सदस्यों के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

सीडीओ ने कहा कि 6 से 14 साल तक के बच्चों को अनिवार्य शिक्षा का संवैधानिक अधिकार है। स्कूल अभियान की ब्लॉक स्तरीय रैली आजाद मैमोरियल इंटर कालेज के मैदान से शुरू हुई कस्बे के हर गली कूंचे से होती हुई उस्मान गढ़ी के परिषदीय स्कूल पर समाप्त हुई। सीडीओ श्री कुमार ने रैली में आये पैरेंट्स, बेसिक शिक्षा से जुड़े अधिकारियों से कहा कि अपने तथा अपने बच्चों के साथ-साथ आसपास रह रहे बच्चों का नामांकन भी करायें। उन्होंने बच्चों को स्कूल तक लाने के टिप्स भी दिये। मिस इंटरनेशनल और माई क्लीन इंडिया की ब्रांड अंबेसडर डा. उदिता त्यागी ने बताया कि उन्होंने ब्लॉक रजापुर के स्कूलों को गोद लिया है। प्रथम चरण में 6 स्कूलों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डा. उदिता त्यागी रैली में बच्चों के साथ भी काफी समय तक रहीं। इस अवसर पर पल्स पोलियो उन्मूलन के अध्यक्ष एसके मिश्रा, मुनीश्वर गुलाठी, एनजीओ की वंदना चौधरी, संध्या त्यागी, डासना नगर पंचायत के चेयरमैन साजिद हुसैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। रैली में पूनम शर्मा, ब्लॉक रजापुर के एबीआरसी मो. असलम, खंड शिक्षा अधिकारी राजमणि पांडेय आदि ने सक्रिय सहयोग दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. प्रवेश यादव ने की।














my clean

MyCleanIndia

# My Clean Merrut









# My Clean Nainital



## नैनीताल की मुहिम से इंडिया होगा क्लीन

**नैनीताल (एसएनबी)।** नैनीताल तथा देश के अजमेर, गाजियाबाद, मेरठ, लखनऊ, इलाहाबाद व आगरा आदि नगर पंचतंत्र की कछुवे व खरगोश की कहानी से प्रेरित नजर आ रहे हैं। पांच वर्ष पूर्व एक आस्ट्रेलियाई नागरिक रैम्को वान्सान्टेन ने आस्ट्रेलिया में चल रही अपनी मुहिम 'माई क्लीन कम्युनिटी' की तर्ज पर नैनीताल नगर में भी अभियान शुरू किया था। देश में नैनीताल से 'माई क्लीन नैनीताल' के रूप में शुरू हुई यह मुहिम नैनीताल में तो वर्ष-दर-वर्ष धीमी पड़ती जा रही है। वहीं यह इन नगरों में गति पकड़ते हुए 'माई क्लीन इंडिया' बनती जा रही है। गाजियाबाद में तो इस मुहिम को मिसेज इंडिया वर्ल्ड डा. उदिता त्यागी का साथ ही मिल गया है।

**▶ आस्ट्रेलियाई नागरिक रैम्को वान्सान्टेन ने वर्ष 2007 में शुरू की थी 'माई क्लीन कम्युनिटी' मुहिम**

**▶ मिसेज इंडिया वर्ल्ड डा. इदिता त्यागी बढ़ा रहीं मुहिम को आगे**

रैम्को आस्ट्रेलिया के स्कारबौरो शहर के रहने वाले सेवानिवृत्त केमिकल इंजीनियर तथा बीएससी, बीईसी व एमबीए डिग्रीधारी हैं। वे वर्ष 2004 में नैनीताल आये तो यहां की खूबसूरती के कायल हो गये। बस, एक कसक मन में उठी कि इस शहर को और अधिक साफ-सुथरा बनाया जाए। इसी कसक को लेकर वापस आस्ट्रेलिया लौटे तो मन के भीतर से आवाज आयी कि पहले अपना घर साफ करो, तब दूसरों का करो। बस क्या था। माई क्लीन कम्युनिटी नाम की संस्था बनाकर अपने शहर को सामुदायिक सहभागिता के जरिये साफ करने का बीड़ा उठा लिया।

इसके बाद वर्ष 2007 में नैनीताल लौटे और यहां के लोगों को भी इसी तरह से सफाई के लिए प्रेरित किया। 18 सितम्बर 1880 यानी नगर के महाविनाशकारी भूस्खलन के दिन हर वर्ष नैनीताल स्वच्छता दिवस मनाना तय हुआ। लोग काफी हद तक सफाई के प्रति जागे भी, और यह आरोप भी लगा कि जब कोई विदेशी आकर ही हमें हमारे घर की समस्या का समाधान बताता है, तभी हम देर से जागते हैं, और फिर जल्दी सो भी जाते हैं। हुआ भी यही।

वर्ष दर वर्ष अभियान धीमा पड़ने लगा। वर्ष भर सोने के बाद 18 सितम्बर को सांकेतिक सफाई अभियान होने लगे, अभियान से कुछ दिन पूर्व नगर पालिका की अगुआई में वरिष्ठ पत्रकार राजीव लोचन साह, उमेश तिवाड़ी 'विश्वास' व दिनेश डंडरियाल आदि स्कूली बच्चों को जागरूक करते जबकि 18 सितम्बर के कार्यक्रम में अधिकांश लोगों की भूमिका फोटो खिंचवाने तक सीमित होती। इधर अपनी मेहनत का सिला न मिलने से इस वर्ष इन लोगों का हौसला भी टूटने लगा था। गत दिवस हुई बैठक में श्री साह ने कह भी दिया था कि अब आगे की पीढ़ी दायित्व संभाले। महिला मैत्री संस्था ने कुछ समय हर माह की 18 तारीख को नगर के वार्डों में सफाई की, यह सिलसिला भी काफी पहले टूट चुका है।

इधर रैम्को अपनी मुहिम में लगे रहे। वह बताते हैं कि उनकी मुहिम पूरी दुनिया को सामुदायिक सहभागिता के जरिये साफ-सुथरा करने की है। इस मुहिम में उन्हें खासी सफलता भी मिल रही है। भारत में ही नैनीताल से प्रेरणा लेकर इलाहाबाद, आगरा, लखनऊ जैसे शहर अपने यहां ऐसे ही कार्यक्रम चलाने लगे। रैम्को बताते हैं-अजमेर, मेरठ व गाजियाबाद में यह मुहिम खासी तेजी से चल रही है। गाजियाबाद में मिसेज इंडिया वर्ल्ड डा. उदिता त्यागी अभियान से जुड़ गयी हैं और अभियान को खुद आगे बढ़ा रही हैं। रैम्को कहते हैं, नैनीतालवासी इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि उनके यहां से शुरू हुई मुहिम 'माई क्लीन इंडिया' के रूप में देश भर में आगे बढ़ रही है।

### नैनीताल पहुंचे रैम्को, चार सप्ताह तक रहेंगे

**नैनीताल।** 'माई क्लीन नैनीताल' मुहिम को 'माई क्लीन इंडिया' का विस्तार देने वाले अभियान के प्रणेता आस्ट्रेलियाई नागरिक रैम्को वान्सान्टेन नैनीताल पहुंच गये हैं। वह इस बार चार सप्ताह के लिए पत्नी डाई विल्सन के साथ भारत आये हैं। एक खास भेंट में उन्होंने नैनीताल में साफ-सफाई में काफी सुधार आने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि 18 तक यहां अभियान में शामिल रहेंगे और उसके बाद एक से छह अक्टूबर तक अजमेर में स्कूली बच्चों के सहयोग से आयोजित होने जा रहे 'माई क्लीन स्कूल' मुहिम का हिस्सा बनेंगे।



*Clean up Day, Nainital*
*18th Sept, 2012*













www.jagran.com

# शहर को स्वच्छ करने का लिया संकल्प

**नैनीताल :** डीएम निधिमणि त्रिपाठी का कहना है कि शहर को स्वच्छ एवं हराभरा बनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण आपदाओं को आमंत्रित करता है, इसलिए लोगों को अतिक्रमण करने से बचना चाहिए।

मंगलवार को नैनीताल स्वच्छता दिवस पर मल्लीताल फ्लैट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम लोगों व स्कूली बच्चों को शहर को स्वच्छ बनाने की शपथ दिलाई। पालिकाध्यक्ष मुकेश जोशी ने कहा कि बगैर जनसहयोग के पालिका शहर को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त नहीं बना सकती। आस्ट्रेलियाई नागरिक रैमको ने शहर में बढ़ रही गंदगी पर चिंता प्रकट की। पूर्व मिसेज इंडिया अदिति त्यागी ने कहा कि नैनीतालवासी शहर को साफ सुथरा रखकर दुनियां को सुखद संदेश दे सकते हैं। इस मौके पर शहर को स्वच्छ एवं अतिक्रमण मुक्त रखने का संकल्प लिया गया। बारिश के बीच हुए कार्यक्रम के कारण कई स्कूली बच्चों को फजीहत झेलनी पड़ी। इस मौके पर ईओ नजर अली, पर्यावरणविद डा. अजय रावत, राजीव लोचन साह, दिनेश डंडरियाल, विजय अधिकारी, दीपक कुमार, जोगेंदर बिष्ट, डा. कमलेश जोशी, सदब शाह, चंदन जोशी, मुनीश्वर गुलाटी, सरस्वती खेतवाल, ममता रावत के अलावा सेंट जोजफ, सनवाल स्कूल, आल सेंट व जीजीआइसी के छात्र-छात्राएं मौजूद थे। संचालन उमेश तिवारी विश्वास ने किया।



स्कूली बच्चों को संबोधित करते रैमको। जागरण



# सफाई संस्कृति विकसित करना जरूरी

**नैनीताल :** मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड में रनरअप रहीं डा. उदिता त्यागी के अनुसार बच्चों में सफाई संस्कृति विकसित करना उनका प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा है कि माई क्लीन इंडिया मिशन के अंतर्गत पूरे देश में सफाई अभियान को गति प्रदान कर शहरों को स्वच्छ बनाया जाएगा। नैनीताल पहुंची डा. त्यागी ने कहा कि सफाई के क्षेत्र में निरंतर काम करने की जरूरत है। फिलहाल मिशन के अंतर्गत देश के 17 शहरों में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। शीघ्र ही देहरादून, मुरादाबाद में यह अभियान चलाया जाएगा। कहा कि लोग अपने घरों का कूड़ा पड़ोस में डाल देते हैं। ऐसी हालत में बच्चों के माध्यम से सफाई के प्रति समाज को जागरूक किया जा सकता है। जब तक विदेशों की तर्ज पर गंदगी करने वालों पर जुर्माना करने के नियम देश में लागू नहीं होंगे यह अभियान अधूरा रहेगा। कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ के एजेंडे में दुनियां को साफ सुथरा बनाने का संकल्प लिया गया है। वह भारत में इस संकल्प को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आस्ट्रेलियाई नागरिक रैमको के भारत आकर सफाई अभियान चलाने को स्वागत योग्य कदम बताया और इसे देश के लिए शर्मनाक बताया कि हम सफाई के प्रति जागरूक नहीं बल्कि एक विदेशी नागरिक हमें जागरूक कर रहा है।

# My Clean Agra


hindustantimes www.facebook.com/htcity

# htcity




## HT CITY CHATS UP MRS INDIA WORLDWIDE 2011 UDITA TYAGI IN AGRA

# FOR A CAUSE



Divya Gupta
saron@hindustantimes.com

Udita Tyagi had never imagined that one day she would participate in a beauty pageant to promote her social organisation. But as luck would have it, she emerged the first runner up at Mrs India Worldwide contest in 2011 and was also the finalist of Mrs India International besides winning the title of Mrs Congeniality this year in Atlanta, USA.

Brand ambassador of 'Clean India Drive', Dr Udita, who was in Agra as part of My Clean Agra campaign, told HT City, "Even though I have lots of offer to work as a model or actor, I don't plan to join the fashion industry. I always wanted to contribute my services to the society and that's why I am here. Being an ambassador of Clean India drive, I want that every city should be neat and clean and every single person should know about the important of cleanness."

And how does she plan to clean the city? "Students should join us as they are the main part of our society and know about the importance of cleaning. In our campaign, we would form a human chain to make people aware about the importance of cleanliness, we would clean the parks of the. To do this, I would divide the city in various zones," said Udita.

Replying to a question, Udita said, "As I have visited various countries, I have realized that Indian women have beauty and brains both and can work in any atmosphere. Unfortunately, they don't get the freedom to work according to their choice."

As for her future plans, she said she had started a specific programme 'Kaliyan' related to career counseling of girls.

> I want that every city should be neat and clean and every single person should know about the important of cleanness
> –Udita Tyagi

# THE TIMES OF AGRA

the most of where you live – COMPLEMENTARY TO THE READERS OF THE TIMES OF INDIA IN AGRA, MATHURA, VRINDAVAN, ALIGARH, HATHRAS AND FIROZABAD **FRIDAY** december 7, 2012, vol. 4, issue 98

ADVERTORIAL AND PROMOTIONAL FEATURE

SPRUCE UP

## Mrs International shows the way

**TO ENCOURAGE PRACTICES FOR A CLEANER AND GREENER AGRA, MRS INTERNATIONAL UDEETA TYAGI RECENTLY VISITED THE CITY OF TAJ**

Brij Khandelwal *Agra*

Beauty with compassion is a distinctive quality of Indian women, Udeeta Tyagi, Mrs International told The Times of Agra.

Unlike women in the west, "Indian women have some characteristics that set them apart. Attached to their families and children, our women have a better sense of proportion and balance work with household chores," Udeeta said.

The problem of dirt, squalor, filth garbage is directly linked with our culture and a mind-set that attaches more importance to personal hygienic than community's needs for a cleaner and health-wise a safer environment, says Udeeta Tyagi, Mrs International first runner-up, who was in the Taj city to promote a cleanliness campaign.

"During my frequent visits to different countries I was convinced that cleanliness has to first begin in the minds. We have to groom up school kids and make them hygiene conscious. In our cities people are generally ignorant about the role of hygiene at the community level. Each citizen has to chip in and contribute in the cleanliness drive, otherwise we will soon get deluged and submerged in trash and filth. Its not just a question of esthetics and beautification, the alarming scenarios in the growing urban clusters across India pose challenges of an unprecedented nature. We can only ignore these issues at peril to our future," Tyagi said.

Udita Tyagi, is doctorate in chemistry, social worker, poetess, stylist, entrepreneur, Mrs India Worldwide and now Mrs India International Finalist. Born on July 1, 1977 in Moradabad (UP) in the house of Smt Sunita Tyagi and Shri M C Tyagi, she completed her B Sc (BZC) & M Sc (Chemistry) from her home town. She got married to Ar Yogesh Tyagi of Ghaziabad in 1999. She continued pursuing her studies even after an early marriage and with the responsibilities of family. She did B Ed and subsequently acquired her Ph D in Chemistry in 2009 from Ruhellkhand University Bareilly. Presently she is a full time social worker and working for the youth education & empowerment under the auspices of her NGO.


VISHAL KHANDELWAL

> *Each citizen has to chip in and contribute to the cleanliness drive*

# My Clean Lucknow









# My Clean Aligarh








# My Clean Aligarh

# शहर को सुंदर बनाएगी 'सुंदरी'

**कार्यालय संवाददाता, अलीगढ़** : पूर्व मिसेज इंडिया इंटरनेशनल डा. उदिता त्यागी ने लोगों से कहा कि जब आप अपने घर को साफ रखते हैं तो अपने शहर को क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि वह क्लीन अलीगढ़ देखना चाहती हैं। यहां भी अपना अभियान जल्द चलाएंगी।

नुमाइश में बुधवार को कृष्णांजलि सभागार में आयोजित पर्यावरण संगोष्ठी में शामिल डा. उदिता त्यागी ने मंच पर आते ही स्कूली बच्चों से प्रश्न पूछना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि आप जब किसी दूसरे शहर जाते है तो आपको अलीगढ़ का निवासी जाना जाता है। यदि अलीगढ़ गंदा रहेगा तो आपकी भी बदनामी होगी। उन्होंने शहर वासियों से शहर को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संत फिदेलिस स्कूल से अभियान का शुरुआत करेंगी। स्कूली बच्चों ने उन्हें पर्यावरण संबंधी कलाकृतियां दिखाईं।


- पूर्व मिसेज इंडिया ने किया लोगों को प्रेरित

**इशहाक अहमद सम्मानित** : कई वर्षों से शेखाझील में कार्यरत एवं वनकर्मी इशहाक अहमद को बुधवार को नुमाइश में सम्मानित किया गया। सुबोधनंदन शर्मा ज्यों ही इशहाक को शाल उढ़ाने लगे, डीएम आलोक कुमार ने उन्हें अपने पास बुला लिया। उनकी पीठ थपथपाई और स्वयं उन्हें शाल उढ़ाया। डीएम ने इशहाक के काम की प्रशंसा की। साथ ही फोटोग्राफर रामवीर को भी शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया गया।

**पुस्तक का विमोचन** : जीना सिखाती है शेखाझील नामक पुस्तक का विमोचन बुधवार को कृष्णांजलि नाट्यशाला में किया गया। डीएम आलोक कुमार, अरुण तिवारी, पूर्व मिसेज इंडिया इंटरनेशनल डा. उदिता त्यागी, फादर जार्ज पाल ने पुस्तक की सराहना की। डा. उदिता ने कहा कि इस पुस्तक में शेखा झील के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। इससे उनकी रुचि जगी है। वह अगली बार जब यहां आएंगी तो झील जरूर देखेंगी।

### पर्यावरण पर काम कर रही हैं उदिता

गाजियाबाद में रह रही डा. उदिता माई क्लीन इंडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। वह 2011 में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल रही हैं। इस समय प्रदेश के 16 जिलों में वह पर्यावरण संरक्षण का काम कर रहीं हैं। पांच वर्ष से लगातार स्कूल-कालेजों में जाकर जागरूक करती हैं। अबतक दस लाख लोग उनके अभियान से जुड़ चुके हैं।



पूर्व मिसेज इंडिया डॉ. उदिता त्यागी बुधवार को यहां नुमाइश में पर्यावरण पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचीं। एक पुस्तिका में वह पर्यावरण संरक्षण को जागरूक करने वाले चित्रों को निहार रही हैं। जागरण



नुमाइश की कृष्णांजलि नाट्यशाला में आयोजित पर्यावरण गोष्ठी में पुस्तक 'जीना सिखाती है शेखा झील' का विमोचन करते डॉ. हयात सिद्दीकी, डीएम आलोक कुमार, सुबोध नंदन, पूर्व मिस इंडिया डॉ. उदिता त्यागी, रमन त्यागी व नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह।

**प्रदर्शनी में पहली बार पर्यावरण संगोष्ठी**

# घर की तरह साफ रखें शहर को

अमर उजाला ब्यूरो

**अलीगढ़।** राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी के इतिहास में पहली बार बुधवार को हुई पर्यावरण संगोष्ठी में पक्षी, नदी और जल संरक्षण के मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। उद्घाटन डीएम आलोक कुमार और एनजीबीआरए के तकनीकी सदस्य डॉ. राशिद हयात सिद्दीकी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि हमें विकास का एक ऐसा मॉडल तैयार करना होगा जिसमें वन्य जीव, प्राकृतिक संसाधन और सौंदर्य के साथ मनुष्य का सह अस्तित्व हो। डॉ. राशिद हयात सिद्दीकी ने कहा नदियों का अस्तित्व बचाए रखना बेहद जरूरी है। सन 2011 में अमेरिका के अटलांटा सिटी में हुई मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड प्रतियोगिता की फर्स्ट रनर अप विजेता रहीं डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि जैसे अपना घर साफ रखते हैं उसी तरह अपने शहर को भी साफ रखें। शेखा झील के इतिहास और पर्यावरणीय महत्व को ध्यान में रखकर तैयार की गई पुस्तिका का विमोचन किया गया। एएमयू के संगीतकार और शायर जॉनी फास्टर ने खास तौर से तैयार किया गया 'तराना-ए-कुदरत' पेश करते हुए कहा कि 'इबादत यूं भी होती है जमाने को है समझाना, लगा कुछ पेड़ कुछ पौधे परिंदों को खिला दाना'। संयोजक सुबोध नंदन शर्मा ने कहा कि शेखा झील पर की गई गणना से अनुमान मिलता है कि इस बार पक्षियों की 3 प्रजातियां बढ़ी हैं।

उन्होंने कहा कि जल संचयन की प्रणालियों पर भी पुस्तक जल्द प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शमीम अहमद, नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह, इंडिया वाटर पोर्टल के सिराज कैसर, नीर फाउंडेशन के निदेशक रमन त्यागी, प्रो. इजहारुल हक फारूखी, डॉ.भास्कर, कृषि वैज्ञानिक केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.विश्वजीत सिंह, मानव उपकार के विष्णु कुमार बंटी,सेंट फिदेलिस के प्रिंसिपल फादर जॉर्ज पाल, गीतकार अशोक अंजुम, डॉ.वेद प्रकाश अमिताभ, अजय राज लिथो आदि मौजूद थे। संचालन डॉ. प्रभाकर ने किया।





कृष्णांजलि में नृत्य प्रस्तुत करते बच्चे। दूसरे चित्र में पर्यावरण गोष्ठी में शेखा झील पर लिखी गई पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।



### डॉ. उदिता रहीं खास आकर्षण

पर्यावरण संगोष्ठी का खास आकर्षण सन 2011 में अमेरिका के अटलांटा सिटी में हुई मिसेज वर्ल्ड वाइड सौंदर्य प्रतियोगिता की फर्स्ट रनरअप विजेता डॉ. उदिता त्यागी रहीं। 1977 में जन्मीं उदिता 'माइ क्लीन इंडिया' नाम के एनजीओ से जुड़ी हैं। उन्होंने मुरादाबाद से केमिस्ट्री में एमएससी की। सन 2009 में रुहेलखंड विवि से केमिस्ट्री से ही पीएचडी की। 13 वर्षों तक विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्यापन किया है।

## किससे बात कर रही हैं...जानती हैं?

**अलीगढ़।** कृष्णांजलि नाट्यशाला में बुधवार को पर्यावरण संगोष्ठी से पहले एक सामाजिक संस्था की ओर से स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था। दुपहर 2 बजे समाप्त होने वाला कार्यक्रम सवा तीन बजे तक भी जारी था। सवा तीन बजे पर्यावरण संगोष्ठी में अतिथि के रूप में पहुंचे डीएम आलोक कुमार पहुंचे तो हैरत में पड़ गए। उन्होंने तत्काल कार्यक्रम बंद कराया तो बच्चे रोने लगे। हेरिटेज स्कूल की संगीत शिक्षिका संगीता वार्ष्णेय डीएम के समक्ष बुरी तरह बिफर गईं और बच्चों के सुबह से भूखे प्यासे होने का हवाला दिया। शिक्षिका के रुख से हतप्रभ डीएम ने उनसे पूछा क्या आप जानती हैं आप किससे बात कर रही हैं? शिक्षिका ने हिचकते हुए हां तो कहा लेकिन लहजे से लग रहा था कि उन्हें अंदाजा नहीं था कि वह किससे



मुखातिब हैं। बाद में डीएम भरोसा दिया कि संगोष्ठी का मंच बन जाने दीजिए इसके बाद बच्चों की प्रस्तुति करवा दी जाएगी। बच्चों की प्रस्तुति हुई और डीएम ने उसे सराहा भी।

# My Clean Muzaffarnagar










# My Clean Muzaffarnagar

## ‘स्वच्छता संस्कृति से जोड़ें’

अमर उजाला ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर।** मिसेज इंडिया इंटरनेशनल और संयुक्त राष्ट्र के स्वच्छता अभियान के तहत 'माई क्लीन इंडिया' की ब्रांड एंबेसडर डॉ. उदिता त्यागी ने कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए उन्हें स्वच्छता संस्कृति से जोड़ने की जरूरत है।



रविवार को प्रयत्न संस्था के कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में डॉ. उदिता ने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए युवाओं को अभियान से जोड़ा जाएगा। 'माई क्लीन इंडिया' अभियान देश के विभिन्न शहरों में चलाया जा रहा है, जिसमें मुजफ्फरनगर को भी जोड़ा गया है। घरों से कूड़ा एकत्र कर उसे सड़कों पर फेंक दिया जाता है, जिसमें शामिल पॉलीथिन जैसे अघुलनशील पदार्थ चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। इनके मिट्टी में मिलने से उर्वरकता और जमीन में केमिकल असंतुलन का खतरा पैदा हो गया है। अभियान के तहत लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही उन्हें कूड़ा निस्तारण के प्रति सक्रिय करने का कार्य भी किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रयत्न के अध्यक्ष समर्थ प्रकाश ने बताया कि विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा सप्ताह 16 से 22 जनवरी तक मनाया जाएगा। मुनीश्वर त्यागी, नीर फाउंडेशन के डायरेक्टर रमण त्यागी, राहुल कौशिक, डॉ. गरिमा जैन, होतीलाल शर्मा, डॉ. एनके परुथी, ऋषिराज राही, सूबेदार रणधीर सिंह और राहुल गोयल मौजूद रहे।

## डीएम से मिलीं मिसेज इंडिया इंटरनेशनल



- माई क्लीन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर डा. उदिता त्यागी स्वच्छता के प्रति युवाओं को करेंगी जागरूक
- नीदरलैंड में पालीथीन के कचरे से बनती है ईंट

**जागरण कार्यालय, मुजफ्फरनगर :** मिसेज इंडिया इंटरनेशनल तथा संयुक्त राष्ट्र के स्वच्छता अभियान के तहत माई क्लीन इंडिया की ब्रांड एंबेसडर डा. उदिता त्यागी ने रविवार जिलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह से मुलाकात की। उदिता 25 जनवरी से शहर में स्वच्छता के प्रति जागरुकता अभियान की शुरूआत करेंगी।

रविवार को पहुंची डा. उदिता त्यागी ने डीएम सुरेन्द्र सिंह के साथ स्वच्छता अभियान को लेकर चर्चा करने पहुंची। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के स्वच्छता मिशन के तहत माई क्लीन इंडिया का अभियान देश के विभिन्न शहरों में चलाया जा रहा है। इस अभियान में मुजफ्फरनगर को भी जोड़ा गया है। कचरे के सदुपयोग व पर्यावरण को खतरे से बचाने के लिए वह युवाओं को जागरूक करेंगी। उन्होंने कहा कि कचरे को कचरा न समझें यह बहुत कीमती है। इसके सदुपयोग से रोजगार व कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। नीदरलैंड में तो पालीथिन के कचरे से ईंट बनाई जा रही, जिससे इमारत खड़ी की जा रही है। मुनीश्वर त्यागी, रमण त्यागी, राहुल कौशिक, समर्थ प्रकाश, डा. गरिमा जैन, होती लाल शर्मा, डा. एनके पृथी, ऋषिराज राही, सूबेदार रणधीर सिंह, राहुल गोयल आदि मौजूद रहे।

# My Clean Kanpur









# My Clean Ramganga - Moradabad











# My Clean Ramganga - Moradabad



सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में वर्ल्ड अर्थ डे पर पौधा रोपण करती उदिता त्यागी और मौजूद लोग।



अमर उजाला की पहल पर पर्यावरण संरक्षण अभियान

## हरे भरे मुरादाबाद के लिए रोपे पौधे

अमर उजाला ब्यूरो







**मुरादाबाद।** विश्व अर्थ दिवस पर शहर की धरती को हरा भरा बनाने की एक 'पहल' हुई। अमर उजाला के आह्वान पर सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में जुटे पर्यावरण प्रेमियों ने पौधे लगाकर प्रदूषण दूर करने की दिशा में कदम बढ़ाया। माई क्लीन इंडिया अभियान की अध्यक्ष मिसेज इंडिया इंटरनेशनल एवं मिसेज इंडिया वर्ल्ड वाइड 2011 डा. उदिता त्यागी ने गुल मोहर का पौधा रोपित कर उसे 'अमर उदिता' नाम दिया।

सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में मौजूद शहरवासियों ने एक-एक पौधा रोपित किया। पेड़-पौधों की कमी से धरती पर बढ़ते बोझ और उससे पैदा हुए विकारों से धरती को बचाने के लिए अमर उजाला ने विश्व अर्थ दिवस पर पौध रोपण की यह पहल की। लोगों ने इसे तहे दिल से स्वीकारा। एक-एक पौधा रोपित करने और उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में पौध रोपण करने के साथ ही पर्यावरण बचाने का संकल्प अमर उजाला के बैनर पर हस्ताक्षर कर लिया। मिसेज इंडिया इंटरनेशनल सहित सीएल गुप्ता इंस्टीट्यूट की ट्रस्टी गुंजन गुप्ता, शिखा गुप्ता, गुरविंदर सिंह, डा. प्रदीप अग्रवाल, डा. आशी खुराना, डा. प्रतीक तेवतिया, डा. आरके बंसल, डा. मुकेश, डा. किशन वार्ष्णेय, डा. शालिनी, संस्थान की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा तेवतिया, अधिवक्ता अनुज गुप्ता सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

- विश्व अर्थ दिवस पर सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट में जुटे लोग
- पर्यावरण प्रेमियों ने लिया पौधे बचाने का संकल्प

## रामगंगा बचाने सड़कों पर उतरा सैलाब



मुरादाबाद में दैनिक जागरण की पहल पर रामगंगा बचाओ अभियान के तहत सोमवार को निकली पदयात्रा में शामिल होने गाजियाबाद से पहुंची मिसेज इंटरनेशनल स्पर्धा की रनर अप रहीं उदिता त्यागी। जागरण




**मुरादाबाद, कासं:** दस दिन पहले दैनिक जागरण द्वारा शुरू की गई रामगंगा को बचाने की मुहिम आखिरकार रंग लाई। प्रदूषण और दोहन के कारण अपना अस्तित्व खोती जा रही रामगंगा के लिए सोमवार को सड़कों पर सैलाब उमड़ पड़ा।

जहां इस अभियान को और धारदार बनाने के लिए मिसेज इंटरनेशनल की रनर रहीं उदिता त्यागी यहां पहुंची वहीं शहर के दो छोर से दो पदयात्राएं नदी के तट की ओर निकाली गई। रामगंगा मित्र बनाने के लिए भी जिलाधिकारी की ओर से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। दोनों पदयात्राओं का काली मंदिर पर मिलन हुआ जहां रामगंगा को बचाने का संकल्प लिया गया। लोगों नदी का अस्तित्व वापस दिलाने के लिए कसमें भी खाई। इस दौरान बच्चों ने रैली निकाली। पदयात्रा में जहां प्रशासनिक अमला गंभीरता से जुटा नजर आया तो वहीं शहर के सैकड़ों बुद्धिजीवी और जनप्रतिनिधि भी अभियान को मिले अहम पड़ाव के साक्षी भी बने। सभी ने एक स्वर से कहा- रामगंगा को फिर से निर्मल बनाना है।

( Fa¶FadtF F

## उदित हुआ रामगंगा का सूरज : उदिता

**रंग लाया जागरण का जनजागरण**

मुरादाबाद : रामगंगा की रक्षा के पदयात्रा अभियान में ब्रांड अंबेसडर जैसी भूमिका निभाने वालीं मिसेज इंडिया इंटरनेशनल की रनर अप उदिता त्यागी का कहना है कि रामगंगा के उद्धार के लिए दैनिक जागरण की खबरों ने जनजागरण का काम किया है। यह जनजागरण सोमवार को रंग लाता नजर आया। लगा कि रामगंगा के बेहतर कल का सूरज उदित हो चुका है।

गाजियाबाद से विशेष तौर पर इस अभियान के लिए डीएम संजय कुमार के आमंत्रण पर यहां पहुंचीं उदिता ने न सिर्फ पदयात्रा में मनोयोग से शिरकत की बल्कि उसके बाद दैनिक जागरण कार्यालय पहुंचकर समाचार संपादक प्रदीप शुक्ला से मुलाकात भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पदयात्रा में शामिल लोगों के फीडबैक ने यह अहसास कराया कि रामगंगा के प्रति जागृति लाने में जागरण ने अहम भूमिका निभाई है। मानवता की रक्षा के लिए रामगंगा की रक्षा जरूरी है। इसके लिए जागरण की सार्थक पहल देख वह जागरण का आभार जताने ही कार्यालय आई हैं।



दैनिक जागरण के दफ्तर में अखबार पढ़तीं उदिता त्यागी। जागरण

बता दें कि उदिता त्यागी संयुक्त राष्ट्र के स्वच्छता कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे माई क्लीन इंडिया अभियान की ब्रांड अंबेसडर भी हैं।

# My Clean Muzaffarnagar










4 | दैनिक जागरण मेरठ, 17 मई 2013 मुजफ्फरनगर जागरण www.jagran.com

## सफाई के लिए सड़क पर उतरीं उदिता

मुजफ्फरनगर में दैनिक जागरण के स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें अभियान के दौरान जारूकता रैली निकालती बालिकाएं व कचहरी रोड पर नाली में दवा छिडक्ते कर्मचारी।

**मुजफ्फरनगर** : शहर को गंदगी मुक्त कर स्वच्छ बनाने की 'दैनिक जागरण' की मुहिम गुरुवार को शहर की साउथ सिविल लाइंस कालोनी पहुंची। 'स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें' अभियान की शुरुआत मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2011 की फर्स्ट रनर अप उदिता त्यागी ने पूर्व मंत्री दीपक कुमार, पालिका चेयरमैन पंकज अग्रवाल, प्रयत्न अध्यक्ष समर्थ प्रकाश के साथ सड़क पर झाड़ू लगाकर की।

गुरुवार को दैनिक जागरण, जिला प्रशासन व नगर पालिका के सहयोग से साउथ सिविल लाइंस क्षेत्र से अभियान की शुरुआत हुई। मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2011 की फर्स्ट रनर अप उदिता त्यागी, पूर्व मंत्री दीपक कुमार, एडीएम प्रशासन डा. इन्द्रमणी त्रिपाठी, बीएसए कौस्तुभ कुमार, ईओ पालिका मसूद अहमद के नेतृत्व में जन जागरूकता रैली निकाली गई। सिर्फ लोगों को सफाई के प्रति जागरूक ही नहीं किया गया बल्कि गंदगी से सेहत पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी भी दी गई।

सड़क पर झाड़ू लगाकर सफाई करती उदिता त्यागी, पालिकाअध्यक्ष पंकज अग्रवाल व एडीएमई डा. इंद्रमणि त्रिपाठी। जागरण

स्वच्छ रहें स्वस्थ रहें

### युवाओं ने भरा जोश

नेहरू युवा केन्द्र के जिला युवा समन्वयक राजेश कुमार जादौन के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने रैली निकाल कर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। ब्रजपाल सिंह, मौ. उसामा, स्वाती, गौरव, कुलदीप धीमान, शैंकी कुमार, कविता, पारुल, सोनम आदि मौजूद रहे।

### जगाई अलख

महिला सामाख्या की ओर से जिला कार्यक्रम समन्वयक वर्षा ऋतुश्रेष्ठ के नेतृत्व में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सड़क पर उतर कर लोगों को जागरूक किया। छात्राओं सहित नीलम, बरखा, सुधीर, अंजू आदि मौजूद रहीं।

### विद्यार्थियों ने दिया संदेश

साउथ सिविल लाइंस स्थित पूर्वी पाठशाला के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त प्रधानाध्यापक सीताराम के नेतृत्व में गगनचुंबी नारे लगाकर सफाई का संदेश दिया। इस दौरान 'कूड़ा कूड़ेदान में डालें, रोजाना की आदत डालें' के नारे लगाए गए।

मुजफ्फरनगर में स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें अभियान के दौरान बालिकाओं के साथ मिसेज इंडिया इन्टरनेशनल की रनरअप उदिता त्यागी।

### ...स्वस्थ सुखी परिवार

साफ सफाई से चले, जीवन रूपी नाव
बीमारी मुक्त हो, शहर नगर और गांव।
घर से लेकर बाहर तक, स्वच्छ रहे परिवेश
दूर भगाओ गंदगी, ऐसा दो संदेश।
सड़े गले फल सब्जियां, कूड़ा करकट बीन
प्रदूषण से मुक्त कर एक इंच जमीन।
जिनके आंगन गंदगी, जीवन नरक समान
दिन-दिन गिरे स्वास्थ, रुग्ण बने इंसान।
ना गंदगी का ढेर हो, ना हो दूषित जल
तभी बनेगा कीमती आने वाला कल।
रोज स्वच्छता को करें आदत में शुमार
साफ सफाई से रहे, स्वस्थ सुखी परिवार।

*–राम कुमार 'रागी', भोकरहेड़ी।*

### 'व्हाट्स रांग विद यू... कूड़ा सड़क पर डालते हो'

जाका, मुजफ्फरनगर : मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2011 की फर्स्ट रनर अप उदिता त्यागी ने सड़क पर उतर कर अपने अंदाज में लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान एक दुकानदार को सड़क पर कूड़ा फेंकते देख वह बिफर गईं। बोली व्हाट्स रांग विद यू.. फिर प्यार से समझाया.. कूड़ा हमेशा कूड़ेदान में ही डालना चाहिए।

मुजफ्फरनगर दैनिक जागरण कार्यालय में अखबार का अवलोकन करती उदिता त्यागी। जागरण।

'दैनिक जागरण' के तत्वावधान में विगत छह मई से नगर में शुरू हुए स्वच्छ रहें, स्वस्थ रहें अभियान की धमक आसपास के जनपदों में भी सुनाई दी। अभियान की सफलता से अभिभूत मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2011 की रनर अप उदिता त्यागी ने डीएम मुजफ्फरनगर सुरेन्द्र सिंह को फोन कर अभियान से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की। इसके उपरांत 'दैनिक जागरण' के न्योते पर गुरुवार सुबह मुजफ्फरनगर पहुंची उदिता त्यागी ने लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों संग रैली निकालकर साउथ सिविल लाइंस वासियों को कूड़ा एटूजेड कर्मियों को देने के फायदे गिनाए। एक दुकान के बाहर कूड़ा पड़ा देख उन्होंने समझाया कि सभी को डस्टबिन रखना चाहिए और उसी में कूड़ा डालना चाहिए। मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2011 की रनर अप ने घर लौटे रहे होली एंजिल्स कान्वेंट स्कूल के बच्चों को सफाई के बारे में जागरूक किया। इस दौरान 'नीर' के अध्यक्ष रमन त्यागी भी मौजूद रहे।

### दीपक बोले, खुद से करनी होगी शुरुआत

पूर्व मंत्री दीपक कुमार सफाई की अलख जगाने में आगे-आगे दिखाई दिए। उन्होंने न सिर्फ सफाई का संदेश दिया बल्कि मौजूद लोगों को इस संबंध में खुद से पहल करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होने कहा कि जब तक सफाई की शुरुआत खुद से नहीं की जाएगी, तब तक बड़े बदलाव की उम्मीद न करें।

# Mr. and Ms. Road to Stardom, IFTI, Meerut














# Lions Club, My Clean Kanpur
















# My Clean India Rally, Block Rajapur, Ghaziabad






















# My Clean Didiwana, Rajasthan




















# Mrs. Global Bihar 2013, Patna


















# Women Helpline promotion, Meerut



















# Cleaniness Drive, Didiwana














# NAMO Rally at Pali, Rajasthan




















# NAMO Program at Karnal, Haryana




















# NAMO program at Panipat, Haryana



















# My Clean India Poster Compitition at Indirapuram School



















# Gau Mata Pujan at Jantar Mantar















# NAMO Program at Sahibabad



















# Beti hi Bachayegi at Subharti, Meerut












# Blood Bank Inauguration at Hapur
















# Polio Free India Celebration



















# Ghaziabad International Public School, Mubarakpur











# Panel discussion in Amity International School, Noida

















# At indirapuram Public School, Ghaziabad



















# Hinustan “Chai ki Chaupal”



हिन्दुस्तान 20
गाजियाबाद • रविवार • 02 मार्च 2014

## चाय चौपाल

आओ राजनीति करें मारो वोट की चोट

चुनाव की घोषणा होने को है। अखबारों और टीवी चैनलों पर सियासी पार्टियों के दांव-प्रतिदांव/घात-प्रतिघात उफान पर हैं। शोरशराबा इतना कि वो असली सवाल ही गुम हो जाएं, जिन्हें हम उठाना चाहते हैं। जिनके जवाब हम अपने नेताओं से पूछना चाहते हैं। बस ऐसे ही सवालों को उठाने और उन पर चर्चा करने के लिए 'हिन्दुस्तान' चाय चौपाल अभियान के तहत शनिवार को हमने शहर की चुनिंदा हस्तियों के विचार जानने की कोशिश की।

हिन्दुस्तान की ओर से शनिवार को नेहरू नगर स्थित हैरिटेज क्लब में आयोजित चाय चौपाल में अपनी राय रखते गाजियाबाद के गणमान्य लोग। • हिन्दुस्तान

# जवाबदेह नेताओं को ही देंगे अपना वोट

लोकसभा चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है। सियासी पार्टियों ने अपने दांव-पेंच लगाने शुरू कर दिए हैं। इस बार जनता भी अपने मुद्दों को लेकर सजग दिखाई दे रही है। हिन्दुस्तान की ओर से शनिवार को नेहरू नगर स्थित हैरिटेज क्लब में आयोजित चाय चौपाल में लोगों ने बेबाकी से अपनी राय रखी। लोगों ने कहा कि अब चुनाव के मायने बदल गए हैं। जनता चाहे तो सब कुछ बदल सकती है। अब नेताओं को जनता के बीच आकर उनके सवालों के जवाब देने होंगे। नेताओं की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। बेशक संसदीय चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे प्रमुख होते हैं मगर स्थानीय मुद्दों को

हमें नेताओं से उनके एजेंडे पूछने चाहिए। पिछले चुनाव में किए गए वादों में से कितने वादे पूरे हो सके। वादे पूरे नहीं हुए तो क्यों नहीं हुए। जब हम वोट दे सकते हैं तो पूछ भी सकते हैं। जनता अब पांच साल इंतजार नहीं करती।
-डॉ. अदिता त्यागी, सामाजिक कार्यकर्ता

देश में पैसे की समस्या नहीं है, समस्या यह है नेता काम नहीं करते। काम के लिए इच्छाशक्ति जरूरी होती है। जब तक इच्छाशक्ति नहीं होगी कोई काम नहीं हो सकता है। हमें अपनी इच्छाशक्ति के अनुसार अपने नेता का चुनाव करना चाहिए।
-मुनीश्वर गुलाटी, सामाजिक कार्यकर्ता









# Women Empowerment in Jhundpura/ Sikroda
















my clean

MyCleanIndia

कलियाँ

एक नई शुरूवात

csDISHAA FOUNDATION

An Initiative of Mrs. India Worldwide - Dr. Udita Tyagi